भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2073

गुरुवार, 4 जुलाई, 2019/13 आषाढ़, 1941 (शक)

क्षेत्रीय रिंग रोड एक्सप्रेस राजमार्ग

2073. श्री कानुमुरू रघु राम कृष्णराजूः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में क्षेत्रीय रिंग रोड एक्सप्रेस राजमार्गों के निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार की आंध्र प्रदेश में ऐसे एक्सप्रेस राजमार्गों का निर्माण करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग): भारतमाला परियोजना चरण-I के तहत, आंध्रप्रदेश राज्य में विजयवाड़ा/अमरावती में रिंग रोड सहित पूरे देश में विकास के लिए 28 रिंग रोड को चिह्नित किया गया है। आंध्रप्रदेश राज्य में अमरावती/विजयवाड़ा-गुंटुर-तेनाली शहरी समूह के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट/व्यवहार्यता अध्ययन का कार्य लगभग 190 किमी की लगभग लंबाई के लिए आरंभ किया गया है।

*****